राम मेघे छात्रों का अविष्कार २०२२ के राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

अमरावती- संत गाड़गे बाबा अमरावती विद्यापीठ द्वारा लिए गए संशोधन अविष्कार २०२२ में राम मेघे कॉलेज के दो संशोधकों की पुणे में होने वाली आंतर विद्यापीठ संशोधन अविष्कार २०२२ के लिए चयन किया गया. महाविद्यालय से सचिन धरपाल व रितेश ढोरे का चयन किया गया है. इस श्रेणी में करीबन २०० जिलास्तरीय स्पर्धक व २०० विद्यापीठ स्तर पर स्पर्धक सहभाग लेंगे. स्पर्धा के सफल नियोजन के लिए महाविद्यालय के स्थापत्य अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. नितिन कटारिया ने विद्यापीठ के साथ समन्वय किया. इस स्पर्धा के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गजेंद्र बमनोटे, रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट विभाग के प्रमुख डॉ.नितिन इंगोले का मार्गदर्शन मिला तथा विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. नितिन धांडे, उपाध्यक्ष एड. देशमुख, सचिव युवराजसिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष एड. डॉ. हेमंत देशमुख, कार्यकारिणी सदस्य शंकरराव काळे, नितिन हिवसे, प्रा. रागिनी देशमुख, डॉ. वैशाली धांडे, डॉ. पूनम चौधरी ने विजेताओं का अभिनंदन किया है.